भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2519
दिनांक 13.03.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

पंजाब के सीमावर्ती गांवों में पेयजल पाइपलाइन

2519. श्री सुखजिंदर सिंह रंधावाः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पंजाब के गुरदासपुर जिले के फतेहगढ़ चूड़ियां ब्लॉक के सीमावर्ती गांव हरदोरावाल कलां में अभी भी पेयजल पाइपलाइन नहीं है, जिसके कारण लगभग दस हजार निवासियों को दूर के स्रोतों से पेयजल लाना पड़ता है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार निकटवर्ती गांव घरकियां से हरदोरावाल कलां तक जल पाइपलाइन बिछाने की योजना बना रही है और यदि हां, तो इसके पूरा होने की समय-सीमा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं, और

(ग) जल जीवन मिशन के तहत पंजाब के सीमावर्ती गांव में पेयजल उपलब्ध न होने के क्या कारण हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क) से (ग): पंजाब राज्य सरकार द्वारा सूचित किए गए अनुसार, विश्व बैंक परियोजना के अंतर्गत हरदोरावाल कलां जलापूर्ति स्कीम 2,240 आबादी वाले 345 परिवारों को शामिल करते हुए 09.09.2009 को शुरू की गई थी। इसके बाद, यह योजना ग्राम पंचायत जल एवं स्वच्छता समिति (जीपीडब्ल्यूएससी) को सौंप दी गई। हरदोरावाल कलां को 26.06.2022 को जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल घोषित कर दिया गया था। वर्तमान में, 345 परिवारों के पास अपने स्वयं के निजी स्रोत हैं और अपने स्वयं के परिसर में पीने योग्य पानी की आपूर्ति तक पहुंच उपलब्ध है।

*****